हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, सोमवार, 23 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 15.5 डिग्री




8 बड़ा तालाब हनुमान मंदिर की सड़क पर उफान मार रहे सीवर लाखों खर्च करने पर भी समाधान नहीं



10 अनदेखी का शिकार सेक्टर तीन का पार्क सबमर्शिबल धंसने से हादसे का डर


# HOLY CHILD PUBLIC SCHOOL

Co-Educational English Medium School, Affiliated to CBSE (No. 530071)

Delhi Road, Rewari-123401

HCPS
HOLY CHILD PUBLIC SCHOOL
SINCE 1979



**Admission Open**
**Session: 2026-27**
Limited Seats Available

EMPOWERING EDUCATION, ENABLING LEADERSHIP
Join the Community of Achievers

47 Years of Commitment, Determination & Success

KNOWLEDGE
GROWTH
SUCCESS

- STELLAR CBSE RESULTS: CLASS X & XII
- TECHNOLOGY ENABLED LEARNING
- STATE OF -THE - ART FACILITIES
- EXPERIENTIAL MUSIC LAB & PODCAST STUDIO
- COMMITMENT TO SOCIAL RESPONSIBILITY & SUSTAINABILITY
- SELECTIONS FOR IIT, NEET, CLAT, NDA, IAS, CUET (WITH PERFECT SCORES)
- INDUSTRY CONNECT TO FOSTER AN ENTREPRENEURIAL MINDSET
- ACADEMIC AND SPORTS SCHOLARSHIPS
- BRITANNICA-POWERED LIBRARY
- WELL-DESIGNED, AGE-SPECIFIC SPORTS CURRICULUM

A TRADITION OF TRIUMPH AND A FUTURE OF PROMISE, WHERE EVERY STUDENT'S SUCCESS BECOMES A CELEBRATED PART OF OUR HISTORY.

## Stream (XII) Toppers 2025

97.8% KARTHIKAY COMMERCE
97.6% SAHIL NON-MEDICAL CHEMISTRY 100/100
96.2% VANSHIKA HUMANITIES FINE ARTS 100/100
94.0% VANSHIKA MEDICAL MUSIC 100/100

## NEET (MBBS) Selections 2025

SANCHITA BPS GOVT. MEDICAL COLLEGE (MBBS)
SHANTANU KALPANA CHAWLA MEDICAL COLLEGE (MBBS)
ANAMIKA SSJ GOVT. INSTITUTE OF MEDICAL (MBBS)
ISHIKA SHIMS (MBBS)

## IIT-JEE (MAINS) SELECTION-2025-26

99.47% LAKSHAYA
99.15% KOMAL
97.2% APAR
96.9% AARTI
96.12% MANUJ
95.34% PUSHKAR
93.12% TANYA
92.79% TANISHQ
92.37% NANCY
92.34% BHUPENDER
91.48% SUBODH
90.7% HIMANSHU
90.1% SHIVAM

## CSEET/CA FOUNDATION (CAF) (2025-26)

CSEET LAKSHAY
CSEET SHUBHANSHU
CAF ANMOL
CAF DAKSH
CAF RITU
CAF HITESH
CAF SHINE
CAF SMRITI
CAF TANISHK
CAF UPESH

Green Mentor National Ranking # 10
EducationWorld Ranked#1 in Rewari
Indian School Rating-Gold
Times Education Icon Award
Viksit Bharat Recognition
Tech-Eabled School 2025
Institution of Happiness Award

**Rewari Campus**
Delhi Road, Rewari-123401, Haryana
8295018719,8398876937
hcp.school@gmail.com
www.hcpsrewari.com
@hcpsrwr

**Neamrana Campus**
Japanese Zone, Neemrana-301705, Rajasthan
7497044100
hcisneemrana@gmail.com
@hcpsnmr
@hcpsneemrana

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने सड़क हादसे को अंजाम देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गत 7 मार्च को हुए हादसे में घायल व्यक्ति के बयान पर पुलिस ने चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। चालक पर लापरवाही से वाहन चलाने व दूसरे वाहन को क्षतिग्रस्त करने के आरोप लगाए गए थे। चालक हादसे के बाद फरार हो गया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने गुरुग्राम के सिधरावली निवासी विशाल को गिरफ्तार कर लिया। उसे तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### चोरी के मामले में दो आरोपी भेजे जेल

**रेवाड़ी।** थाना खोल पुलिस ने जनवरी माह में खोरी बस स्टैंड पर चोरी की वारदात को अंजाम देने के दो आरोपियों को जेल भेज दिया। जनवरी माह में हुई चोरी की वारदात के बाद पुलिस ने 6 जनवरी को केस दर्ज किया था। कई दुकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के गंडाला निवासी कपिल और फतेपुरा निवासी राजेश को गिरफ्तार किया था। उनके कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया गया था। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### मारपीट व धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना खोल पुलिस ने महिला के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आलियावास निवासी सत्यनारायण के खिलाफ उसकी पत्नी की शिकायत पर केस दर्ज किया था। घायल पत्नी का पीजीआई रोहतक में इलाज हुआ था। जनवरी माह में हुई घटना का केस अब दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपी सत्यनारायण को गिरफ्तार कर लिया। उसे जांच में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दहेज प्रताड़ना के मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना खोल पुलिस ने दहेज के लिए महिला के साथ मारपीट करने और धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। उनमें सुलहनामा नहीं होने के बाद पुलिस ने गत वर्ष 22 दिसंबर को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में नांगल तेजू निवासी सत्यवीर को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### फरार चल रहा पीओ चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। कोर्ट में चल रहे मामले के दौरान अनुपस्थित रहने पर हंसनगर निवासी किलेंद्र को कोर्ट ने पीओ घोषित कर दिया था। पुलिस को उसके खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए गए थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेजने के आदेश दिए गए। बाद में उसे जिला जेल भेज दिया गया।

### बावल रोड पर माता का भंडारा 25 को

**रेवाड़ी।** नवरात्र के पावन पर्व पर दुर्गा मार्केट एसोसिएशन की ओर से 25 मार्च को भंडारे को आयोजन किया जाएगा। एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि सभी के सहयोग से साल में तीन बार निर्जला एकादशी, दशहरा व नवरात्र पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। 25 मार्च को सुबह 10:15 बजे मातारानी के पूजन के बाद भंडारे का प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यातिथि विधायक लक्ष्मण सिंह यादव तथा विशिष्ट अतिथि नवीन सोनी व डीके यादव मौजूद रहेंगे।

---

*हनुमान मंदिर की सड़क पर लंबे समय से सीवर ओवरफ्लो से जलभराव की समस्या*

# बड़ा तालाब हनुमान मंदिर की सड़क पर उफान मार रहे सीवर, लाखों खर्च फिर भी आमजन परेशान


रेवाड़ी। मंदिर के सामने सड़क पर जमा सीवर का गंदा पानी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर के आस्था के केंद्र बड़ा तालाब स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर की सड़क की लंबे समय बाद सड़क बनने के बाद भी जलभराव की समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। वर्तमान में सीवर ओवरफ्लो होकर उफान मार रहे है। सड़क पर गंदा पानी जमा हो रहा है। विभाग की लापरवाही की वजह से जलभराव की समस्या खत्म नहीं हो पाई है। चार दिन पहले आई तेज बरसात से मंदिर परिसर में फिर से गंदा पानी जमा हो गया, जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। नगर परिषद की ओर से गत वर्ष नवंबर माह में करीब 45 लाख रुपये की लागत से बड़ा तालाब की सड़क का निर्माण किया गया था। सड़क बनाने से पहले जलभराव की समस्या से निपटने के लिए 12 इंची ड्रेनेज पाइप लाइन डालकर चेंबर बनाए गए थे, लेकिन विभाग पानी की निकासी के लिए पाइप लाइन का आगामी लाइन में कनेक्शन करना भूल गया, जिससे समस्या ज्यों की त्यों बनी रही।


रेवाड़ी। बड़ा तालाब हनुमान मंदिर की सड़क पर जमा सीवर का गंदा पानी। फोटो : हरिभूमि



**लंबे समय से है जलभराव की समस्या**

बड़ा तालाब हनुमान मंदिर रोड पर एक दशक से जलभराव की समस्या बनी हुई थी। बरसात आने पर समस्या और भी विकट हो जाती है। श्रद्धालुओं को मंदिर में आवागमन के लिए गंदे पानी में से गुजरना पड़ रहा था। जलभराव की समस्या के समाधान के लिए नगर परिषद की ओर से तीन महीने पहले बड़ी पाइप लाइन डालकर सीसी रोड का निर्माण किया गया था। इसके बाद जलभराव नहीं होने से लोगो को राहत मिल गई थी, लेकिन गत 18 मार्च शाम को आई मूसलाधार बरसात से सड़क पर फिर से जलभराव हो गया, जिससे हनुमान मंदिर के अंदर सीवरयुक्त गंदा पानी भर गया, जिसके बाद पता चला कि विभाग पाइपलाइन का आगामी लाइन में कनेक्शन करना ही भूल गया है।

**अभी भी उफान मार रहे सीवर**

*स्थानीय लोगों की ओर से मंदिर की सड़क पर जलभराव का मुद्दा ग्रीवेंश कमेटी की बैठक में भी उठाया गया था, जिसके बाद कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने नगर परिषद के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए समस्या का जल्द स्थाई समाधान करने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद एस्टीमेअ बनाकर सड़क बनाने व पाइपलाइन डालने का वर्क ऑर्डर किया गया, लेकिन कार्य पूरा होने के बाद भी समस्या फिर से उभर गई। वर्तमान में बड़ा तालाब हनुमान मंदिर रोड पर बने सीवर गंदे पानी से उफान मार रहे है। इन सीवरों की न तो सफाई की जा रही है और न ही अभी तक समस्या का समाधान हुआ है।*



---

## नन्हे विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन


रेवाड़ी। ग्रेजुएशन सेरेमनी में उपस्थित नन्हे बच्चे। फोटो : हरिभूमि

**कोसली।** रविवार को सूरज स्कूल गुड़ियानी में वार्षिक परिणाम व ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति रही। विद्यार्थियों को उनके वार्षिक परिणाम प्रदान किए गए तथा नन्हे विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने ग्रेजुएशन गाउन पहनकर अपनी खुशी व्यक्त की। शिक्षकों ने अभिभावकों के साथ प्रत्येक विद्यार्थी के शैक्षणिक प्रदर्शन, व्यवहार और विकास पर चर्चा की। शिक्षकों ने अभिभावकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक सुझाव दिए तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और अनुशासित व सकारात्मक वातावरण देने के लिए प्रेरित किया। सूरज एजुकेशन ग्रुप के डायरेक्टर संदीप प्रसाद ने अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सोशल मीडिया का सीमित एवं नियंत्रित उपयोग अत्यंत आवश्यक है। प्रशासनिक अधिकारी जोगिंदर ने अभिभावकों को बच्चों को अनावश्यक रूप से मोबाइल और सोशल मीडिया से दूर रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अत्यधिक सोशल मीडिया उपयोग से बच्चों की पढ़ाई, एकाग्रता और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। प्राचार्य पृथ्वी राज यादव ने कहा कि बच्चों की सफलता में विद्यालय और अभिभावकों दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि यदि दोनों मिलकर बच्चों के मार्गदर्शन में सहयोग करें, तो विद्यार्थी जीवन में उच्चतम उपलब्धियां प्राप्त कर सकते हैं।

---

# ट्रामा सेंटर के पास कचरे में लगी आग, बुलानी पड़ी फायर ब्रिगेड

- कचरे की वजह से ट्रामा सेंटर में आने वाले मरीजों को दुर्गंध का सामना करना पड़ता



रेवाड़ी। ट्रामा सेंटर में कचरे में लगी आग बुझाता फायरकर्मी, ट्रामा सेंटर के पास कचरे में मुंह मारते पशु। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर में कचरे में आग लगाना आम बात हो गई है। सफाई व्यवस्था बनाने के जिम्मेदार लोग कचरा उठाने की बजाय उसमे आग लगाकर वही निपटारा कर रहे है, जिससे वातावरण प्रदूषित होने के साथ लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आग ज्यादा भड़कने पर लोगों को फायर ब्रिगेड भी बुलानी पड़ रही है। रविवार को सरकुलर रोड स्थित ट्रामा सेंटर के पास बने कचरा डंपिंग प्वाइंट में डाले गए कूड़े में आग लाग दी गई, जिससे धुआं फैलने से ट्रामा सेंटर में मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आसपास के लोगों ने बताया कि नगर परिषद की ओर से लंबे समय से ट्रामा सेंटर के पास कचरा डंपिंग प्वाइंट बनाया हुआ है, जिसका कचरा फैलकर सड़क तक आ जाता है। कचरे में गोवंश का भी जमावड़ा लगा रहता है। रविवार को सुबह किसी ने कचरे में आग लगा दी। कचरे की वजह से ट्रामा सेंटर में आने वाले मरीजों को दुर्गंध का सामना करना पड़ता है। सांस के मरीजों को इससे ज्यादा दिक्कत होती है। लोगों ने आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। आग लगने से कूड़े का धुंआ चारों ओर फैल गया। लोगों ने प्रशासन से समस्या का समाधान करने सहित आग लगाने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। इससे पहले 16 मार्च को बस स्टैंड व उससे पहले ब्रास मार्केट में जमा कचरे में भी आग लगा दी गई थी। प्रदूषण बोर्ड की ओर से ब्रास मार्केट में कचरा जलने पर एचएसवीपी पर 25 हजार रुपये का जुर्माना किया चुका है।

---

# 600 ग्राम नशीले पदार्थ गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रामपुरा थाना पुलिस ने अवैध नशीला पदार्थ गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला यादव नगर कुतुबपुर निवासी भूपेन्द्र उर्फ गोलू के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 600 ग्राम गांजा बरामद किया है। गत 21 मार्च को पुलिस को सूचना मिली कि भूपेन्द्र उर्फ गोलू नशीला पदार्थ गांजा बेचने का काम करता है। जोकि घर के पास गांजा बेचने के लिए खड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गांजा सहित काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

---

# गुजरात कैडर सिविल जज परीक्षा में सफलता पाने पर मनीष हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। मनीष राठी को सम्मानित करते जाट समाज व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

रविवार को गांव घुड़कावास में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जाट समाज व ग्रामवासियों की ओर से हाल ही में गुजरात कैडर सिविल जज परीक्षा में चयनित हुए मनीष राठी को सम्मानित किया गया। साधारण किसान परिवार में जन्मे मनीष राठी ने गुजरात प्रदेश की ज्यूडिशियरी सर्विस परीक्षा में 88वीं रैंक हासिल की और सेवा के लिए चयनित हुए। मनीष ने कड़ी मेहनत, दृढ़ इच्छा शक्ति और आत्मविश्वास के साथ यह उपलब्धि हासिल की और अपने माता-पिता, परिवार, गांव और प्रदेश का नाम रोशन किया। इस मौके पर जाट समाज के प्रधान सूरत सिंह कटारिया ने कहा कि जब मजबूत इच्छाशक्ति हो, निष्ठा और ईमानदारी से काम किया जाए और निरंतर प्रयास किए जाएं तो मुश्किल से मुश्किल लक्ष्य को भी हासिल किया जा सकता है। मनीष राठी की यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।

**मौके पर ये मौजूद रहे**

इस अवसर पर जाट समाज के पूर्व प्रधान चौधरी बलबीर सिंह, उप प्रधान धनपत सिंह बड़ेसरा, सचिव हंसराज कोच, सह सचिव भरत सिंह नंबरदार, कोषाध्यक्ष अजीत सिंह धनखड़, हरफूल ठेकेदार, राजसिंह राजित, मास्टर अजीत सिंह, अत्तर सिंह डीपी, सुरेंद्र फोगाट, युद्धवीर सिंह फोगाट, महिंद्र सिंह मलिक, जीतसिंह सिनसिनवाल, एक्स सरपंच महेंद्र सिंह, अभय राठी, सतबीर फलसवाल, महेंद्र थानेदार, डा. रोहतास, एक्स सरपंच आजाद सिंह, एक्स सरपंच करणसिंह, भगतराम, एक्स सरपंच नरेश कुमार, एडवोकेट बुधराम, शेरसिंह कटारिया, अमरसिंह राठी, दयाचंद थानेदार, रघुवीर सिंह,डा. जय प्रकाश लिसाना,रमेश राठी,एक्स सरपंच राजाराम,लीलूराम, दलीप सिंह, विपिन, रामफल, राजपाल, एक्स सरपंच जुगलाल व शुभराम सिवाच मौजूद थे।

---

## राज इंटरनेशनल स्कूल में 500 बच्चों ने दी स्कॉलरशिप परीक्षा


रेवाड़ी। राज स्कूल में स्कॉलरशिप परीक्षा देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

*रेवाड़ी। राज इंटरनेशनल स्कूल में अकादमिक आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें दूसरी से ग्यारहवीं कक्षा के विभिन्न स्कूलों के करीब 500 बच्चों ने भाग लिया। परीक्षा का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा का आंकलन करना और उत्तीर्ण विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप देना है। इस मौके पर स्कूल के निदेशक नवीन सैनी ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा प्रदान करना और उन्हें समाज के जिम्मेदार नागरिक बनाना है। उन्होंने बताया कि स्कूल में आईआईटी व नीट की तैयारी भी कराई जाती है। कक्षा दूसरी से ग्यारहवीं तक की छात्रवृत्ति परीक्षा में टॉप 10 बच्चों को स्कॉलरशिप पुरस्कार दिए जाएंगे। स्कूल चेयरमैन राजेन्द्र सैनी ने अभिभावकों का आभार जताया। छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम 23 मार्च को घोषित किया जाएगा। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक और कर्मचारी भी उपस्थित थे।*

---

**माता के मंदिरों में प्रातः से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा**

# नवरात्र पर मंदिरों में लगे मां कूष्मांडा के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नवरात्र-पूजन के चौथे दिन रविवार को मां कूष्मांडा देवी के स्वरूप की उपासना की गई। शहर के बारा हजारी दुर्गा मंदिर, नई बस्ती मंसा देवी मंदिर, बड़ा तालाब मंसा माता मंदिर, धारूहेड़ा चुंगी कालीमाता मंदिर, बारा पत्थर कालीमाता मंदिर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में मां कूष्मांडा की उपासना की गई। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि चौथे नवरात्रे में साधक का मन अदाहत चक्र में अवस्थित होता है। इस दिन उसे अत्यंत पवित्र और चंचल मन से कूष्मांडा देवी के स्वरूप को ध्यान में रखकर पूजा-उपासना के कार्य में लगना चाहिए। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, तब इन्हीं देवी ने ब्रह्मांड की रचना की थी। अतः ये ही सृष्टि की आदि-स्वरूपा, आदिशक्ति हैं।

ये अष्टभुजा देवी के नाम से भी विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमंडल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा है। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जप माला है। मां का वाहन सिंह है। मां कूष्मांडा की उपासना से भक्तों के समस्त रोग-दोष मिट जाते हैं। इनकी भक्ति से आयु, यश, बल और आरोग्य की वृद्धि होती है। मां कूष्मांडा अत्यंत सेवा और भक्ति से प्रसन्न होने वाली हैं। माता के मंदिरों में प्रातः से ही श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है।



रेवाड़ी। बारा हजारी मंदिर में माता का किया गया भव्य श्रृंगार, बड़ा तालाब मंदिर में सजी मंसा माता की प्रतिमा। फोटो : हरिभूमि

**आज होगी मां स्कंदमाता की अराधना**

*शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा के 5वें स्वरूप को मां स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है। सोमवार को उपासक मां स्कंदमाता की आराधना करेंगे। मां के इस स्वरूप की पूजा करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। मां भक्तों के सारे दोष और पाप दूर कर देती है। मां अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती हैं। भगवान स्कंद कुमार कार्तिकेय नाम से भी जाने जाते हैं। यह प्रसिद्ध देवासुर संग्राम में देवताओं के सेनापति बने थे। पुराणों में इन्हें कुमार और शक्ति कहकर इनकी महिमा का वर्णन किया गया है। इन्हीं भगवान स्कंद की माता होने के कारण मां दुर्गा जी के इस स्वरूप को स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है। स्कंदमाता की 4 भुजाएं हैं। इनके दाहिनी तरफ की नीचे वाली भुजा, जो ऊपर की ओर उठी हुई है, उसमें कमल पुष्प है। बाईं तरफ की ऊपर वाली भुजा में वरमुद्रा में तथा नीचे वाली भुजा जो ऊपर की ओर उठी है, उसमें भी कमल पुष्प ली हुई हैं। यह कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं। इसी कारण इन्हें पद्मासना देवी भी कहा जाता है। सिंह भी इनका वाहन है। स्कंद माता को पार्वती एवं उमा के नाम से भी जाना जाता है। अलसी एक औषधि से जिससे वात, पित्त, कफ जैसी मौसमी रोग का इलाज होता है। इस औषधि को नवरात्रि में माता स्कंदमाता को चढ़ाने से मौसमी बीमारियां नहीं होती है।*

---

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत

**रेवाड़ी।** रोहतक नेशनल हाइवे पर गंगायचा टोल प्लाजा से कुछ दूरी पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। शव की शिनाख्त नहीं होने के कारण उसे सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया। शनिवार की रात एक व्यक्ति टोल प्लाजा के पास सड़क पार करते समय किसी वाहन की चपेट में आ गया। उसका शव सड़क किनारे पड़ा हुआ था। सूचना मिलने के बाद थाना सदर पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने आसपास के गांवों में सूचना देकर मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए, परंतु सफलता नहीं मिली। बाद में शव मोर्चरी में रखवा दिया गया। पुलिस के अनुसार मौत का कारण एक्सिडेंट माना जा रहा है। पुलिस ने हादसे को अंजाम देने वाले वाहन का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

## खबर संक्षेप

### ट्रैफिक पुलिस पोस्ट के पास मिला युवक का शव

**धारूहेड़ा।** दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर पुलिस पोस्ट के पास भरे दूषित पानी में रविवार को एक युवक का शव मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने के प्रयास किए। शिनाख्त नहीं होने के कारण पुलिस ने शव सामान्य अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस को सूचना मिली थी कि ट्रैफिक पुलिस पोस्ट से कुछ दूरी पर एकत्रित हो रहे गंदे पानी में शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर शव कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया। मृतक के शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं पाए गए हैं।

### ट्राले की चपेट में आकर साइकिल सवार की मौत

**कोसली।** लूखी के निकट ट्रॉले की चपेट में आकर साइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया। कारोली निवासी सज्जन यादव साइकिल लेकर किसी कार्य से लूखी गया था। लूखी से लौटते समय कोसली की ओर से जा रहे एक ट्रॉले ने उसे टक्कर मार दी। सड़क पर गिरने के बाद सज्जन की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस की ईआरवी व नाहड़ चौकी से पुलिस मौके पर पहुंच गए। ट्रॉला चालक हादसे के बाद फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया।

### शहर में किया 166वीं प्रभात फेरी का आयोजन

**नारनौल।** नगर में राधा नाम की अलग जगाने वाली संस्था श्रीराधा कृष्ण प्रभात फेरी संगठन के तत्वावधान में रविवार को 166वीं प्रभात फेरी सुरेश चौबे मोहल्ला रावका के निवास स्थान से निकाली गई। जिसका शुभारंभ मुख्य यजमान सुरेश चौबे ने अपने परिवार के साथ राधा रानी की पूजा कर सभी श्रद्धालुओं को चंदन तिलक लगाकर किया। फेरी में सैकड़ों की संख्या में बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं, पुरुष शामिल हुए।

# 'धुरंधर द रिवेंज' में छाई सुंबली, 6 साल पहले नारनौल में हुई शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नारनौल की बहू एक्ट्रेस भाषा सुंबली इन दिनों बॉलीवुड फिल्म धुरंधर द रिवेंज में अपनी एक्टिंग से छाई हुई हैं। मूवी में उन्होंने रणवीर सिंह के कैरेक्टर जसकीरत की एडवोकेट वीना का रोल निभाया है। कोर्ट रूम में उनके सीन की दर्शक भी जमकर सराहना कर रहे हैं। सुंबली मूल रूप से जम्मू कश्मीर की रहने वाली हैं। करीब छह साल पहले उनकी शादी नारनौल के रहने वाले एक्टर सुनील सोनी के साथ हुई थी। दोनों की मुलाकात नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में पढ़ाई के दौरान हुई थी। परिजनों ने बताया कि दोनों ने साथ में कई स्टेज परफॉर्मेंस की। इसके बाद धीरे धीरे दोनों के बीच गहरी दोस्ती हो गई। जिसके बाद दोनों ने 2016 में शादी की। भाषा सुंबली ने अपने अभिनय करियर में कई महत्वपूर्ण फिल्मों में काम किया है। उन्हें सबसे अधिक पहचान वर्ष 2022 में आई फिल्म द कश्मीर फाइल्स में


नारनौल। मुंबई में अभिनेता दर्शन कुमार के साथ भाषा सुंबली व उनके पति सुनील सोनी। फोटो : हरिभूमि

शारदा पंडित की भूमिका से मिली। इसके अलावा उन्होंने छपाक 2020 में दीपिका पादुकोण के साथ काम किया, जबकि बारामूला 2025 में उन्होंने गुलनार सैयद का प्रमुख किरदार निभाया। बारामूला फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी।

### सुंबली का परिवार



भाषा सुंबली का जन्म जम्मू कश्मीर के सुंबल में एक कश्मीरी पंडित परिवार में हुआ था। इनके पिता अग्निशेखर हिन्दी के प्रसिद्ध कवि व लेखक हैं, जबकि माता क्षमा कौल भी जानी मानी उपन्यासकार व कवयित्री हैं। परिवार को 1990 के दशक में कश्मीरी हिंदुओं के निर्वासन के दौरान कश्मीर छोड़कर दिल्ली में बसना पड़ा था। कठिन परिस्थितियों के बावजूद भाषा ने अभिनय के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई तथा आज वह बॉलीवुड में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं।

फिल्मों के साथ भाषा सुंबली थिएटर से भी जुड़ी रही हैं और टेलीविजन के कुछ प्रोजेक्ट्स में भी नजर आ चुकी हैं। उन्होंने मुंबई में कई बच्चों के शो किए। वहीं भाषा के पति सुनील सोनी भी उनके साथ मुंबई शिफ्ट हो चुके हैं।

### सुनील सोनी का परिवार

*मीडिया से बात करते हुए सुनील सोनी ने कहा कि उन दोनों का नारनौल से जुड़ाव है। वे पिछले साल ही दो नवंबर को नारनौल आए थे। घर में मां व मेरा एक भाई है। वहीं, दूसरे भाई चंडीगढ़ में फैमिली के साथ रहते हैं। सुनील सोनी ने बताया कि उन्होंने कई बड़ी फिल्मों में काम किया है। सलमान खान स्टारर फिल्म दबंग तीन, इनकार में काम कर चुके है। इसके अलावा दो फिल्म और शूट हो चुकी है, जो अभी आनी बाकी है। उन्होंने कहा कि कई बड़े शो में काम करते रहे है। जिनमें इंडियाज बेस्ट ड्रामेबाज, सबसे बड़ा कलाकार, इंडियाज गॉट टैलेंट शामिल है। इसके अलावा आईपीएल में भी काम कर चुके है। सुनील सोनी ने भाषा सुंबली को धुरंधर द रिवेंज फिल्म रोल मिलने के बारे में बताया कि यह फिल्म की कास्टिंग टैलेंट बेस्ड है। उन्होंने पहले भी दिपिका पादुकोण के साथ छपाक, द कश्मीर फाइल्स, बारामूला में काम किया है।*

## पांच वर्षों के लिए लगभग 4.22 करोड़ की आएगी लागत, सात दिनों का होगा ट्रायल

# नपा के डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण अभियान की कल से होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

नगर पालिका की ओर से शहर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आगामी मंगलवार से डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण कार्य की औपचारिक शुरुआत की जाएगी। यह कार्य आगामी पांच वर्षों के लिए लगभग चार करोड़ 22 लाख की लागत से कराया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत प्रारंभिक सात दिनों का ट्रायल किया जाएगा, ताकि कार्यप्रणाली में आने वाली कमियों को समय रहते सुधारा जा सके। इसके बाद एक महीने के भीतर पूरे शहर में व्यवस्था को पूर्ण रूप से लागू करना अनिवार्य होगा। शहर के हर वार्ड, मोहल्ले और गली के प्रत्येक घर तक कूड़ा संग्रहण वाहन पहुंचेंगे। आधुनिक व्यवस्था के तहत प्रत्येक घर के बाहर डिजिटल क्यूआर कोड लगाए जाएंगे, जिससे कूड़ा उठान की पारदर्शी निगरानी सुनिश्चित होगी। शहर को आवश्यकता अनुसार विभिन्न जोन में विभाजित किया जाएगा, ताकि कार्य कुशलता से किया जा सके। नगर पालिका द्वारा नियुक्त एजेंसी को निर्देश दिए गए हैं कि एक महीने के भीतर


महेंद्रगढ़। डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण के लिए आए टैंपो। फोटो : हरिभूमि

कूड़ा संग्रहण के लिए आवश्यक संसाधन जैसे टैंपों, छोटी गलियों के लिए ई-रिक्शा, ट्रैक्टर, जेसीबी एवं लोडर की व्यवस्था करे। प्रत्येक टेम्पों में ड्राइवर के साथ एक हेल्पर रखना अनिवार्य होगा। एजेंसी द्वारा की जाने वाली पेमेंट घर-घर कूड़ा उठान के आधार पर की जाएगी, जिससे मनमानी की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। इस दौरान आमजन से प्राप्त सुझावों और शिकायतों के आधार पर छोटी-मोटी समस्याओं का समाधान भी किया जाएगा। नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में आमजन की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि कूड़ा इधर-उधर न फेंके। घर पर आने वाले कूड़ा संग्रहण वाहन में ही कूड़ा डालें। प्रत्येक घर एवं प्रतिष्ठान पर गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग रखने के लिए दो डस्टबिन अवश्य रखें। यह पहल शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

बता दें कि कुछ वर्ष पहले नगर पालिका की ओर से एक निजी ठेकेदार को हायर कर उसके माध्यम से शहर में सफाई व्यवस्था शुरू कराई थी, उने द्वारा हीं शहर में घर घर कूड़े का उठान किया जा रहा हैं। लेकिन ठेकेदार पर नियमित रूप से निगरानी के अभाव में सफाई व्यवस्था भी राम भरोसे चल रही थी।

### मोदाश्रम डंपिंग यार्ड पर लगेगा कचरा प्रबंधन संयंत्र

एजेंसी की ओर से शहर में गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग उठान की व्यवस्था की जाएगी। शहर की तंग गलियों में छोटे वाहन लगाकर पूरे शहर से कचरा उठाया जाएगा। साथ ही शहर के मोदाश्रम के पास 11 एकड़ में नगर पालिका की जमीन पर बनाए गए कचरा डंपिंग प्वाइंट पर ठोस व गीले कचरे को अलग कर उसका निस्तारण करने के लिए संयंत्र लगाया गया हैं। इस कचरे से निकलने वाले सभी प्रकार के कचरे को रिसाइकल कर पुनः उपयोग के लायक बनाया जाएगा।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान करते हुए आयोजक।

# शहीदी दिवस पर छात्रों को योग पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हमारा परिवार संस्था की ओर से रविवार को पंजाबी धर्मशाला में शहीदे आजम के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में मेरा रंग दे बसंती चोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि आईएमए के पूर्व जिला प्रधान डा. दीपक यादव, शिक्षाविद प्रो. सीएल सोनी व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि भगत सिंह ने मात्र 11 वर्ष की आयु में जलियांवाला बाग के मार्मिक नर संहार को देखा। उन्होंने रक्तरंजित मिट्टी को हाथ में लेकर शपथ ली अब अंग्रेजों की गुलामी से भारतमाता को आजाद कराना ही उनका उद्देश्य है। उन्होंने अंग्रेज सरकार को सीधी टक्कर देने के लिए लाहौर के असेम्बली हाल में धमाके किए तथा वे स्वयं गिरफ्तार हो गए। समाजसेवी भारत कालड़ा, शिक्षाविद डा. बलबीर अग्रवाल, समाजसेवी राजेन्द्र सिंह यादव, राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के प्रधान दीपेश भार्गव व संस्था के प्रधान अरुण गुप्ता ने कहा कि अंग्रेज सरकार भगतसिंह के बढ़ते प्रभाव को देखकर घबरा गई। कार्यक्रम में योग शिक्षक दयाराम आर्य ने आसन व प्राणायाम का अभ्यास कराया। इस मौके पर पूर्व नगर प्रधान सरोज भारद्वाज, पार्षद सुचित्रा चांदना, शिक्षाविद मधु गुप्ता, महिला प्रधान निशा सीकरी, समाजसेवी राजेंद्र गेरा, पंकज सैनी, प्रदीप शर्मा, आदर्श राजपाल, कपिल कपूर, ओजस्वी, पूर्वांशी आदि रहे।

# एलपीजी वितरण में अनियमितत्ता बरतने वालों के विरुद्ध होगी कार्रवाई: उपायुक्त

- एलपीजी से संबंधित शिकायत हेल्पलाइन नंबर 01274-225214 पर सुबह 10 से शाम 4 बजे तक दर्ज कराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जिले में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आपूर्ति में कोई बाधा नहीं है। उन्होंने कहा कि नागरिक अफवाहों पर ध्यान न दें तथा किसी भी प्रकार की अपुष्टिजनक खबरों पर विश्वास न करें। डीसी मीणा ने बताया कि जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति श्रृंखला में किसी भी प्रकार की कोई कमी या रूकावट नहीं है। गैस एजेंसियों की ओर से सिलेंडरों नियमित होम डिलीवरी उपभोक्ताओं को उनके बुक में क्रम के अनुसार सामान्य रूप


रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा।

से की जा रही है। उन्होंने कहा कि एलपीजी बुकिंग को लेकर घबराने की आवश्यकता नहीं है। डीसी ने उपभोक्ताओं से अनुरोध करते हुए कहा कि गैस सिलेंडर के लिए एजेंसियों पर लाइन में लगाने की आवश्यकता नहीं है। निर्धारित समय उपरांत गैस बुकिंग होने के बाद गैस एजेंसी की ओर से घरों में ही सिलेंडर की सप्लाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि नागरिक अनावश्यक रूप से सिलेंडरों का भंडारण न करें। घरेलू गैस सिलेंडर का अवैध भंडारण न केवल नियमों के विरूद्ध है, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी अत्यंत खतरनाक है। केवल जरूरत पड़ने पर ही सिलेंडर बुक करें ताकि वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे। उन्होंने बताया कि खाद्य एवं पूर्ति विभाग स्थिति पर पूरी नजर बनाए हुए है। यदि कोई गैस एजेंसी संचालक कालाबाजारी या वितरण में अनियमित्ता बरतते पाया गया, तो उसके विरूद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में उपभोक्ता एलपीजी से संबंधित शिकायत हेल्पलाइन नंबर 01274-225214 पर सुबह 10 से शाम 4 बजे तक दर्ज करा सकते हैं।

# व्यापारियों के हितों के लिए योजनाएं शुरू, 31 तक पंजीकरण

- वार्षिक टर्नओवर के अनुरूप 5 लाख रुपए से 20 लाख रुपए तक प्रदान की जाएगी बीमा कवरेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से व्यापारियों के हित में मुख्यमंत्री व्यापारी सामूहिक निजी दुर्घटना और मुख्यमंत्री व्यापारी क्षतिपूर्ति बीमा योजनाएं चलाई जा रही है। योजनाओं के लिए पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है। डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री व्यापारी सामूहिक निजी दुर्घटना योजना के तहत व्यापारी के जानमाल के नुकसान एवं स्थाई निशक्त होने पर सरकार की ओर से पांच लाख रुपए बीमा तक की सहायता राशि प्रदान की जाती है। योजना के लिए 50 रुपए में पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा। वहीं मुख्यमंत्री व्यापारी क्षतिपूर्ति योजना के अंतर्गत आगजनी या प्राकृतिक आपदा के कारण माल के स्टॉक की हानि होने पर राज्य के पंजीकृत व्यापारियों के नुकसान की भरपाई के लिए करदाता के वार्षिक टर्नओवर के अनुसार 5 लाख रुपए से 20 लाख रुपए तक बीमा कवरेज सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि 100 रुपए वार्षिक पंजीकरण शुल्क से जीरो से 20 लाख रुपए टर्नओवर श्रेणी में बीमा राशि 5 लाख रुपए तक, 500 रुपए वार्षिक पंजीकरण शुल्क से 20 से 50 लाख रुपए टर्नओवर श्रेणी में बीमा राशि 10 लाख रुपए, 1500 रुपए वार्षिक पंजीकरण शुल्क से 50 लाख से एक करोड़ रुपए टर्नओवर श्रेणी में 15 लाख रुपए तक सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

# कैंप में 172 युवाओं ने रक्तदान कर शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रामगढ़ भगवानपुर अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी व रोटरी क्लब रेवाड़ी रॉयल्स के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को धरना स्थल पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्त एकत्रित करके रोटरी क्लब गुरुग्राम को दिया गया। रोटरी ब्लड बैंक की मेडिकल टीम ने कैंप का संचालन किया। शिविर में 172 यूनिट से अधिक रक्त एकत्रित किया गया, जबकि कैंप में 300 युवाओं व महिलाओं की ओर से रजिस्ट्रेशन कराया गया था। कैंप के शुभारंभ से पूर्व आजादी आंदोलन के महान देशभक्त क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह के 95वें बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। युवाओं ने शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव


रेवाड़ी। धरना स्थल पर रक्तदान करते हुए महिलाएं व युवा।

अमर रहे के नारे भी लगाए। रामगढ़ भगवानपुर अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी ने सभी रक्तदाताओं को शहीद ए आजम भगत सिंह के जीवन संग्राम से संबंधित पुस्तकें भेंट की। इस मौके पर रोटरी क्लब रेवाड़ी रॉयल्स के प्रधान संजय डाटा, सचिव मीनाक्षी अरोड़ा, प्रवक्ता याद के सुगंध, प्रदीप नरूला, प्रोजेक्ट चेयरमैन नप के पूर्व ईओ मनोज यादव, कॉमरेड राजेंद्र सिंह, रोटरी ब्लड बैंक गुरुग्राम से डा. सुनील तनेजा, दीपक सोनी, मनोज सोनी, ईश्वर सिंह यादव, विजय शर्मा, लोकेश कुमार, जितेन्द्र व भारत भूषण आदि मौजूद रहे।

# आरपीएस विद्यालय में गर्ल्स हॉस्टल का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय ने अपनी सुविधाओं में विस्तार करते हुए छात्राओं के लिए एक नवनिर्मित एसी गर्ल्स हॉस्टल का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ गर्ल्स हॉस्टल में आयोजित भव्य हवन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उद्घाटन समारोह में आरपीएस प्रबंधन समिति की सेक्रेटरी बिमला देवी, एडवोकेट नरेन्द्र राव, चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, ज्वाइंट सेक्रेटरी प्रेम राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव व प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। सेक्रेटरी बिमला देवी ने कहा कि एक शिक्षित बेटी न केवल परिवार, बल्कि पूरे समाज का भविष्य संवारती है। उन्होंने बेटियों के आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता पर बल देते हुए इस आधुनिक छात्रावास को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम बताया। ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि उनका उद्देश्य बेटियों को केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें एक ऐसा सुरक्षित और घर जैसा पोषणकारी वातावरण प्रदान करना है। ग्रुप के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने कहा कि इस हॉस्टल को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है, ताकि छात्राओं को प्रतिस्पर्धा के इस युग में पढ़ाई के लिए सर्वोत्तम माहौल मिल सके। वहीं, डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने स्पष्ट किया कि परिसर में तकनीक और सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बताया कि यह नया भवन 'आराम और उत्कृष्टता' का अनूठा मिश्रण है। यह


महेंद्रगढ़। हवन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि एक जीवंत समुदाय है, जहां भविष्य के नेताओं का पोषण होगा। यह पूरी तरह से वातानुकूलित विशाल और हवादार कमरे जो समकालीन इंटीरियर से सुसज्जित है। उन्होंने कहा कि डिजिटल अध्ययन क्षेत्र, एक सुसज्जित पुस्तकालय व हाई-स्पीड वाई-फाई की सुविधा, 24/7 सीसीटीवी निगरानी, आधुनिक सुरक्षा उपकरण, समर्पित वार्डन की तैनाती, अत्याधुनिक नवनिर्मित रसोईघर व स्वच्छ भोजनालय (हाइजीनिक डाइनिंग हॉल), जहां पौष्टिक और संतुलित भोजन परोसा जाएगा। मनोरंजन व खेल सुविधाएं भी इसी भवन के अंदर इंडोर व आउटडोर खेल मैदान और एक आधुनिक मनोरंजन लाउंज, अनुशासन के साथ-साथ यहां नियमित मार्गदर्शन सत्र, व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम और स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस मौके पर अकाउंट ऑफिसर देवेंद्र यादव, उप प्राचार्य दिनेश कुमार, डीन एलएन गौड़, विंग हेड देवेंद्र पुनिया, पवन तिवारी, जिले सिंह, अमित कुमार, साक्षी मलिक, अनीता अहलावत, राजकुमार, राजसिंह इंदौरा सहित समस्त स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## विज्ञान व शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मिला सम्मान, क्षेत्र में खुशी की लहर

# दौंगड़ा जाट में सम्मान समारोह, उभरते सितारे हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

प्रजापति महासभा की जिला इकाई की ओर से दौंगड़ा जाट में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रजापति विकास समिति कनीना के प्रधान ठेकेदार बलवान सिंह के कार्यालय पर हुआ। समारोह की शुरुआत महाराजा दक्ष प्रजापति एवं माता सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रताप सिंह प्रजापति ने की, जबकि संचालन मास्टर नरेंद्र वर्मा ने किया। समारोह में क्षेत्र की उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। मूसानौता गांव के युवराज ने गुरुग्राम में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में प्रदेश स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया तथा हाल ही में कक्षा आठवीं में हरियाणा सुपर-100 में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। उनके छोटे भाई ने भी विज्ञान प्रदर्शनी में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं दौंगड़ा जाट के विवेक पुत्र ठेकेदार बलवान सिंह ने आईजीयू के छठे सेमेस्टर में दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि उनके भाई विकास ने दसवां स्थान हासिल किया। इसके अलावा हिमांशु ने आईजीयू के प्रथम सेमेस्टर में दूसरा स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभाओं को महासभा की ओर से फूल-मालाएं


मंडी अटेली। प्रजापति समाज के बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

पहनाकर तथा उनकी योग्यता के अनुसार पुस्तकें देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्याध्यापक रतिराम कनोजिया ने शिक्षा के साथ संस्कार और संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं मुख्याध्यापक सत्यप्रकाश महरौलिया ने शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे एनएमएमएस सुपर-100 व बुनियादी परीक्षाओं की जानकारी देते हुए बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में बीएसएफ से रिटायर्ड इंस्पेक्टर सूबेसिंह, पूर्व सैनिक सूबेदार मेजर रामपाल सिंह, बीपीएचओ के जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार पाली सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार रखे। इस मौके पर प्रजापति महासभा के जिला अध्यक्ष एवं सचिव विजय सिंह प्रजापति, उपप्रधान कृष्ण कुमार, राजवीर प्रजापति, सुरेश कुमार, महेश कुमार, श्याम सुंदर, हरि सिंह, निहाल सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा

# अनदेखी का शिकार सेक्टर तीन का पार्क सबमर्शिबल धंसने से हादसे का डर





रेवाड़ी। सेक्टर-3 पार्क की टूटी चारदीवारी, गिरने की हालत में पेड़ तथा पार्क में टूटी हुई बैठने की बैंच। फोटो : हरिभूमि

## गिर चुकी चारदीवारी, पार्क की सभी बैंच, झूले व ओपन जिम मशीने टूटी, कभी भी गिर सके सूखे हुए पेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

देखरेख के अभाव व विभाग की लापरवाही के कारण शहर के कई पार्कों की दशा दयनीय हो चुकी है। नगर परिषद की ओर से शहर के कई पार्कों में करोड़ों रुपये से सुधार व सौन्दर्यकरण का कार्य किया जा रहा है, लेकिन लटक-लटक कर चल रहा कार्य लोगों के लिए आफत बना हुआ है। सेक्टरों के पार्कों की हालत ज्यादा खराब हो चुकी है। पार्कों की जगह-जगह से चारदीवारी क्षतिग्रस्त हालत में है और काफी दीवार गिर भी चुकी है। बैठने की बैंच व झूले पूरी तरह टूट चुके है। यहां तक कि पार्क में कई पेड़ सूख चुके है जोकि कभी भी गिरकर हादसे का कारण बन सकते है। प्रशासन की ओर से सेक्टरों के पार्कों की न तो देखरेख की जा रही है और न ही सुधान किया जा रहा है। सेक्टरवासी दर्जनों बार पार्कों की मरम्मत को लेकर प्रशासन को अवगत करा चुके है। पार्कों में लगे झूले व लाखों रुपये की लागत से लगाई गई ओपन जिम मशीनें भी टूट चुकी है।

### कई पेड़ भी सूख चुके है



सेक्टरवासी सतीश कुमार ने बताया कि पार्क में पहले से ही पेयजल सप्लाई के दो कनेक्शन लगे हुए थे। इसके बावजूद विभाग की ओर से तीन महीने पहले सबमर्शिबल का कनेक्शन और कर दिया गया। वर्तमान में देखरेख के अभाव में सबमर्शिबल के पास की जमीन धंस कर गड्ढा हो गया है, जिससे कभी भी हादसा हो सकता है। इसके अलावा चारदीवारी झुकी हुई है। कई पेड़ भी सूख चुके है, जो कभी भी गिर सकते है। प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### बदहाली का शिकार पार्क

सेक्टर-3 में राधा स्वामी सत्संग भवन के पीछे स्थित पार्क की खस्ताहाल स्थिति हो चुकी है, लेकिन प्रशासन की ओर से इसकी मरम्मत करने के लिए कोई कदम नहीं उठाए जा रहे है। पार्क की चारदीवारी पूरी तरह जर्जर अवस्था में है तथा कई जगह से टूट कर गिर भी चुकी है। चारदीवारी पर लगी लोहे की जालियां लटकी हुई है। पार्क में लगे काफी पेड़ पूरी तरह सूख चुके है और दीमक लगने से जड़े खोखली हो चुकी है। ये पेड़ अंधड चलने पर कभी भी गिर कर हादसे का कारण बन सकते है। इसके अलावा पार्क में लगे झूले, ओपन जिम मशीनें व बैठने की बैंच भी टूट चुकी है। पार्क की दयनीय हालत होने पर लोगों भी किनारा करने लगे है। लोगों का कहना है कि पार्क में बच्चों को भेजने पर हमेशा हादसे का अंदेशा बना रहता है।

## खबर संक्षेप



### ठठेरा समाज के परिवारों ने मनसा माता मंदिर में ध्वजा चढ़ाकर मांगी मन्नतें

**खोरी।** रविवार को ठठेरा समाज की ओर से पुरानी परंपरा को सहेजते हुए गांव खोरी मनसा माता मंदिर में ध्वज-चढ़ाई और मन्नतें मांगी। इस मौके पर श्याम ठठेरा ने बताया कि प्रति वर्ष सावन व नवरात्रि पर मनसा माता के दरबार में झंडा चढ़ाकर गांव, खेत व रोजगार की खुशहाली मांगी जाती है। ठठेरा समाज के परिवारों ने कर्ज-मुक्ति, बच्चों की शिक्षा और शिल्पकाम को सरकारी सहायता मिलने की मन्नत मांगी। बुजुर्ग रमेश ठठेरा ने कहा कि मशीन-युग में कारोबार कम हो गया है। बुजुर्गों ने युवाओं को पीतल बर्तन पर कलई करने की विधि भी समझाई। इस मौके पर मंदिर पुजारी दयानंद शर्मा, हरीश शर्मा, विपिन शर्मा व भूपेंद्र शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### कोसली गांव में गृह कलेश के बाद घर से लापता हुआ व्यक्ति

**कोसली।** कोसली गांव में एक व्यक्ति गृह कलेश के बाद घर से लापता हो गया। लापता व्यक्ति की पत्नी ने अपने पति की गुमशुदगी की शिकायत कोसली थाने में दर्ज कराई है। महिला ने शिकायत में बताया कि वह एक कंपनी में काम करती है तथा उनके दो बच्चे हैं। उनके पति ने वीरवार शाम उसके साथ मारपीट की तथा उसके बाद बिना कुछ बताए घर से चला गया। दो दिन प्रतीक्षा करने के बाद उन्होंने कोसली थाने में सूचना दी। पुलिस ने शनिवार को गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है।

### यादव सभा के निःशुल्क कैंप में 112 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य जांच



**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से रविवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। कैंप में 112 मरीजों को ओपीडी सेवाएं व फ्री दवाइयां प्रदान की गई। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मेडिसन, हड्डी रोग, सर्जरी, नेत्र रोग, ईएनटी व बाल रोग के रोगियों की जांच कर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। कैंप में फिजियोथेरपी की भी फ्री सेवाएं दी गई। शिविर के आयोजन में सभा के प्रधान रामबीर यादव,जसवंत सिंह, शशिभूषण, अमर सिंह, प्रोइ सतीश यादव, गोकल राम व आरएस यादव ने सहयोग दिया।

### डिजिटल जीवनशैली के कारण युवाओं में बढ़ रहा तनाव और आक्रोशः दहिया



**मीरपुर।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की ओर से युवा वर्ग में आक्रोश विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रोशन लाल दहिया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत यूआईटी परिसर में पौधरोपण के साथ की गई। मुख्य वक्ता प्रो. दहिया ने युवाओं में बढ़ते गुस्से के विभिन्न मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और पारिवारिक कारणों पर चर्चा की। आज के प्रतिस्पर्धात्मक माहौल, बेरोजगारी, सामाजिक दबाव और डिजिटल जीवनशैली के कारण युवाओं में तनाव और आक्रोश तेजी से बढ़ रहा है। यदि इस समस्या पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो समाज पर इसके गंभीर परिणाम पड़ सकते हैं। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता कॉग्निटिव एंड बिहेवियरल साइंसेज डा. बिजेंद्र सिंह, शिक्षक डा. संदीप कुमार, डा. सतीश कुमार व रोहित कुमार सहित शोधार्थी पारुल और सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## ठग मोबाइल नेटवर्क को बना रहे निशाना खतरे में पड़ रही निजी व बैंकिंग जानकारी

- फर्जी मोबाइल टावर के जरिये नेटवर्क हाईजैक कर भेजे जा रहे बैंक व केवाईसी से जुड़े मैसेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने आमजन को नकली मोबाइल टावर और एसएमएस ब्लास्ट तकनीक के जरिये हो रही खतरनाक साइबर ठगी को लेकर सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी अब अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग कर सीधे मोबाइल नेटवर्क को निशाना बना रहे हैं, जिससे आम नागरिकों की निजी व बैंकिंग जानकारी खतरे में पड़ रही है। एसपी ने बताया कि इस प्रकार की ठगी में साइबर अपराधी पोर्टेबल उपकरणों की मदद से नकली मोबाइल टावर तैयार कर लेते हैं, जिन्हें कार, बैग या किसी स्थान पर छिपाकर लगाया जा सकता है। जब कोई मोबाइल फोन नेटवर्क सिग्नल खोजता है, तो वह सबसे मजबूत सिग्नल से कनेक्ट हो जाता है, जो कई बार यह नकली टावर होता है। इसके बाद मोबाइल को 4जी या 5जी जैसे सुरक्षित नेटवर्क से हटाकर 2जी नेटवर्क पर शिफ्ट कर दिया जाता है, जहां सुरक्षा कमजोर होती है। इसी स्थिति का फायदा उठाकर अपराधी एसएमएस ब्लास्ट के माध्यम से बड़े पैमाने पर फर्जी बैंक, केवाईसी, ओटीपी या सिम ब्लॉक होने से संबंधित संदेश भेजते हैं।

### सोलहराही तालाब पर विश्व कल्याण व पर्यावरण संरक्षण के लिए हवन का आयोजन



**रेवाड़ी।** सेक्टर-1 परिवार की ओर से रविवार को सोलहराही तालाब पर विश्व कल्याण व पर्यावरण संरक्षण के लिए हवन का आयोजन किया गया। आचार्य रामतीर्थ व सुमन ने विधि-विधान से हवन सम्पन्न कराया। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व यजमान के रूप में उपस्थित थे। हवन से पहले सोलहराही सरोवर पर सफाई अभियान भी चलाया गया। प्रिंसिपल हरी किशन ने हवन के लाभों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर भूपेन्द्र गुप्ता, पुष्पा यादव, मुदित बंसल, हविश व रेयांश सहित अनेक लोग मौजूद थे। सेक्टर-1 आरडब्ल्यूए के महासचिव निरंजन गुप्ता ने सभी का धन्यवाद किया। आरडब्ल्यूए के प्रधान रविन्द्र यादव ने विश्व कल्याण व पर्यावरण संरक्षण की कामना की।

## भजनों से किया बाबा का गुणगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। हनुमान मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद श्रृद्धालु। फोटो : हरिभूमि

सेक्टर-1 सोलहराही स्थित प्राचीन ईच्छापूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर में शनिवार रात्रि 32वें सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या व भंडारे का आयोजन किया गया। सुंदरकांड पाठ के मुख्य यजमान दिनेश गोयल थे। मंदिर पुजारी पंडित बिजेंद्र भारद्वाज मेहंदीपुर बालाजी धाम वाले ने पूजा-अर्चना कराकर धार्मिक आयोजन का शुभारंभ कराया। सुंदरकांड पाठ व भंडारे का आयोजन दिनेश गोयल ने अपने बेटे मयंक के सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट में पास होने के उपलक्ष्य में कराया। भजन गायक गोपाल वर्मा व विक्की वशिष्ठ ने मनमोहक भजनों के माध्यम से बाबा की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने हनुमान जी के दरबार में मत्था टेका तथा सभी को नवरात्रों की बधाई दी। इस मौके पर मंदिर के संस्थापक एडवोकेट भूपेन्द्र सिंह गुप्ता, भाजपा नेता दीपक मंगला, बलजीत यादव, राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के प्रदेश महासचिव सुरेन्द्र वशिष्ठ, उपाध्यक्ष अंकित लोहिया, प्रधान बिल्लू पोसवाल, कपूरचंद आदि लोग मौजूद रहे।

### आरपीएस कोसली में स्कॉलरशिप टेस्ट का हुआ आयोजन



रेवाड़ी। परीक्षा देने आई छात्रा का तिलक लगाकर स्वागत करती शिक्षिका।

**कोसली।** आरपीएस स्कूल कोसली में रविवार को विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और उन्हें बेहतर अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया गया। परीक्षा में क्षेत्र के विभिन्न गांवों व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी योग्यता का प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर में परीक्षा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। विद्यार्थियों के बैठने की सुव्यवस्थित व्यवस्था, प्रश्न पत्रों की गोपनीयता, समयबद्ध संचालन एवं अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया। स्कॉलरशिप टेस्ट का मुख्य उद्देश्य मेधावी एवं परिश्रमी विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें आर्थिक सहायता एवं प्रोत्साहन प्रदान करना है, ताकि वे भविष्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर उपलब्धियां हासिल कर सकें। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि इस प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, प्रतिस्पर्धा की भावना व लक्ष्य के प्रति समर्पण को बढ़ावा देती हैं।

## नशा पीड़ित को डी एडिक्शन सेंटर में कराया भर्ती

- युवाओं को नशे से दूर रखने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रविवार को जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने गांव नंदरामपुर बास व अलावलपुर में ग्रामीणों से डोर टू डोर सम्पर्क कर गांवों को नशा मुक्त करने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने की अपील की। नशामुक्ति टीम ने रविवार को एक नशा पीड़ित व्यक्ति की काउंसलिंग कराकर इलाज के लिए डी एडिक्शन सेंटर में भी भर्ती कराया। पुलिस टीम ने अब तक नशे से पीड़ित 259 लोगों की पहचान की है तथा 76 नशा पीड़ितों का इलाज करवाया गया है। इस मौके पर एएसआई जितेन्द्र कुमार ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005


मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

**कार्यक्रम** लोगों को शपथ दिलाकर ज्यादा से ज्यादा जल संरक्षण करने को लेकर जागरूक किया

# विश्व जल दिवसः जल बचाएंगे, तभी भविष्य सुरक्षित होगा

- जीवन जीने के लिए भोजन, पानी और वायु बहुत जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से रविवार को जल महोत्सव के अंतर्गत जिले के विभिन्न खंडों में विश्व जल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर लोगों को शपथ दिलाकर ज्यादा से ज्यादा जल संरक्षण करने को लेकर जागरूक किया गया। खंड डहीना के गांव कंवाली में सरपंच शीलवती देवी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभाग के कनिष्ठ अभियंता दीपांशु डहिनवाल ने कहा कि हमें अपने बच्चों के भविष्य को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा जल का संरक्षण करना चाहिए नहीं तो आने वाले समय में हमें पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। खंड संसाधन समन्वयक जितेंद्र कुमार ने जल जांच, ग्राम जल सीवरेज समिति के महत्व व कार्य पर प्रकाश डाला।



रेवाड़ी। विश्व जल दिवस पर ग्रामीणों को जागरूक करते हुए टीम। फोटो : हरिभूमि

### रैली के माध्यम से दिया जल संरक्षण का संदेश

खंड जाटूसाना के गांव बरेली कला में खंड संसाधन समन्वयक अनिल नेहरा तथा ग्रामीणों ने रैली के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया। वही खंड बावल में खंड संसाधन समन्वयक विनोद कुमार ने बूस्टिंग स्टेशन सुलखा में ग्रामीणों के साथ पौधरोपण कर विश्व जल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विनोद कुमार ने कहा कि जीवन जीने के लिए तीन चीज बड़ी ही महत्वपूर्ण होती है, जिसमे भोजन, पानी और वायु बहुत जरूरी है। जब हम पौधों में पानी डालते हैं तभी हमें पौधे सांस लेने के लिए वायु प्रदान मिलती हैं और इसी प्रकार जब हम खेतों में सिंचाई करते हैं तभी हमें खेतों से अनाज प्राप्त होता है, अगर जल नहीं होगा तो वायु भी नहीं होगी और भोजन भी नहीं होगा। इस अवसर पर मोटर चालक कृष्ण कुमार, दीपक, जगबीर,व तेजपाल सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे। खंड नाहड़ में खंड संसाधन समन्वयक ओमपति ने ग्रामीणों के साथ विश्व जल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ओमवती ने कहा कि जल पृथ्वी के अनमोल संपदा है और इसका संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है।

### दिन-प्रतिदिन घटता जा रहा भूजल स्तरः परमार



विभाग के जिला सलाहकार योगेंद्र परमार ने बताया कि वर्ष 1992 में ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में संयुक्त राष्ट्र के पर्यावरण और विकास के मुद्दे पर सम्मेलन किया गया था, उसी दिन से विश्व जल दिवस मनाने का संकल्प लिया गया और सन 1993 में पहली बार जल दिवस मनाया गया। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष दिन-प्रतिदिन भूजल स्तर घटता जा रहा है। अगर हम समझदारी से जल का प्रयोग नहीं करेंगे तो आने वाला समय हमारे लिए बड़ा ही कठिन हो सकता है, इसलिए हमें जल की एक-एक बूंद के संरक्षण करने का प्रण लेना चाहिए ताकि पृथ्वी और हम खुशहाल रह सकें।

### जल की एक एक बूंद का करें संरक्षणः मनोज

गांव बूढ़पुर में सरपंच मोनिका देवी की अध्यक्षता में विश्व जल दिवस मनाया गया। इस मौके पर विभाग के खंड संसाधन समन्वयक मनोज कुमार ने कहा कि जिस प्रकार हम अपने बच्चों के भविष्य के लिए एक-एक पैसे की बचत कर रहे हैं, इसी प्रकार हमें जल के एक-एक बूंद के भी बचत करनी होगी तभी हमारे बच्चों का और हमारा भविष्य सुरक्षित रह सकता है। इस अवसर पर हेमंत, रेखा, रोशनी, तेजस, सुमन, माया और धनवीर उपस्थित थे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर देशराज, सचिन, सुधीर, राहुल, मनीष, टिंकू, पवन, बबलू व मनोज उपस्थित थे।